कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 21.07.2023

विषय : 06/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 06/2023 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 27.06.2023 को दोपहर 2.30 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रीनिवास राज बेथम, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री निखिल दुबे, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री एम. सुभाष कुमार, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | सदस्य |
| 4. | श्री एस. साई किरण | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एम. शैलेंदर कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | श्रीमती जे. माधवी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्रीमती जी. अनुराधा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | श्री जी. श्रीनिवास मूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | श्री पी. श्रीनिवास मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री श्रीनिवास राव वुलिचि | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री सीएच.वी. रमण मूर्ति | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्री के. रामकृष्णा | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13. | श्री पी.आर.सुब्बा राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14. | श्री के. गोपीचंद | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 15. | श्री पी. राम किशोर | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 16. | श्री डी. श्रीनिवास राव | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य सचिव |
| 18. | सुश्री नेहा कश्यप | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सदस्य |

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

मद सं. 1 - दिनांक 24.03.2023 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 24.03.2023 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 24.03.2023 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि मुख्य कार्यालय, र.ले.नि. सिकंदराबाद में दिनांक 08 और 09 जून, 2023 को दो दिवसीय ऑन-लाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय छोटे उप-कार्यालयों के कुल 17 कर्मचारियों ने भाग लिया।
2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 के दौरान र.ले.नि महोदय के अनुमोदन के उपरांत वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार संगठन के नौ उप कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के सात अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया गया । समिति को सूचित किया गया कि वर्ष 2023-24 का निरीक्षण कार्यक्रम नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित किया गया है और इस कार्यक्रम के अनुसार दो अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण जुलाई, 2023 में किया जाना अपेक्षित है।
3. **हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रशिक्षण** - नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदन के उपरांत हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी पारंगत प्रशिक्षण हेतु जनवरी से मई, 2023 के सत्र के लिए 31 अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित किया गया है और हिंदी पारंगत की ऑन-लाइन कक्षाएँ आयोजित की गई जिनकी अंतिम परीक्षा मई, 2023 में संपन्न हुई । अभी परिणाम प्रतीक्षित हैं।
4. **नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों का प्रशिक्षण** - पिछली बैठक में सूचित किया गया था कि नए भर्ती कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के विभागीय प्रशिक्षण हेतु अभी समय-सारणी प्राप्त नहीं हुई है और इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय को पत्र भेजा गया है । समिति को सूचित किया गया कि अब मुख्यालय कार्यालय ने सूचित किया है कि उक्त विभागीय प्रशिक्षण दिसंबर, 2023 में आयोजित किया जाएगा । अत: समिति को अवगत कराया गया कि उक्त प्रशिक्षण के उपरांत इस कार्यालय में सेवारत कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के अनिवार्य प्रशिक्षण में भेजा जाएगा ।

5. **<u>सभी परिपत्रों को वेबसाइट में द्विभाषी रूप में अपलोड किया जाना</u>** - पिछली बैठक में निदेश दिया गया था कि आई.टी. अनुभाग हिंदी अनुवाद के साथ ही परिपत्रों को र.ले.नि, सिकंदराबाद की वेबसाइट पर अपलोड करें । सदस्य सचिव मे सहर्ष समिति को सूचित किया कि अब सारे परिपत्र वेबसाइट में द्विभाषी ही अपलोड किए जा रहे हैं और इस प्रक्रिया को अविरत रूप से आगे जारी रखा जाए।

**<u>मद सं. 2</u> - <u>पिछली दो तिमाहियों 12/2022 तथा 03/2023 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टो की तुलनात्मक समीक्षा</u> :**

मुख्य कार्यालय की पिछली दो तिमाहियों 12/2022 तथा 03/2023 की तिमाही प्रगति रिपोर्टो के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) <u>धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि</u> :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 12/2022 | 188 | 188 | शून्य |
| 03/2023 | 216 | 216 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 12/2022 | 12777 | 2054 | 86.15% |
| 03/2023 | 18696 | 1968 | 90.47% |

**<u>मद सं. 3</u> - <u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u>** - समिति को अवगत कराया गया कि जून, 2023 को समाप्त तिमाही में रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय से केवल पाँच पत्र प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक पत्र में मुख्यालय कार्यालय की मार्च, 2023 में आयोजित रा.भा.का.स की बैठक का कार्यवृत प्राप्त हुआ है, जिसमें नये नियुक्त कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के लिए परिचायक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण के लिए शीघ्र समय-सारणी जारी करने का संकेत दिया गया है । एक अन्य पत्र में वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट को भेजने का निदेश दिया गया है जो निर्धारित अवधि के भीतर मुख्यालय कार्यालय को भेज दी गई है । मुख्यालय कार्यालय के एक अन्य पत्र में इस कार्यालय की मार्च, 2023 की हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की मुख्यालय कार्यालय द्वारा समीक्षा की गयी । समिति को सूचित किया गया कि एक अन्य पत्र में मुख्यालय कार्यालय ने 14-15 सितंबर, 2023 को पुणे में हिंदी दिवस और तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन से संबंधित मंत्रालय के पत्र को अग्रेषित किया है जिस पर नियंत्रक महोदय को कार्यालय टिप्पणी प्रस्तुत की गई है । मुख्यालय कार्यालय ने एक पत्र में "ख" और "ग" क्षेत्रों में जन-सूचना

बोर्डों को तीन भाषाओं में अर्थात् क्षेत्रीय भाषा तेलुगु, राजभाषा हिंदी और अंग्रेज़ी में बनवाने के संबंध में लिखा गया है। समिति को सूचित किया गया कि यह राजभाषा विभाग के एक बहुत पुराने आदेश के अधीन अनिवार्य है और इस कार्यालय और संगठन के अन्य सभी कार्यालयों में इस आदेश का पालन बहुत समय से किया जाता रहा है।

<u>मद सं. 4- हिंदी दिवस, 2023 के आयोजन पर चर्चा</u> - समिति को सूचित किया गया कि प्रति वर्ष सितंबर के महीने में हिंदी दिवस के अवसर पर कई हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें हिंदी-भाषी और हिंदीतर भाषी प्रतियोगी भाग लेते हैं और राजभाषा विभाग के निदेशानुसार हिंदीतर भाषी प्रतियोगियों को 20% का वेटेज दिया जाता है। साधारणत: जिन प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है उसकी जानकारी सदस्य सचिव ने समिति को दी जिसके उपरांत "स्मरण प्रतियोगिता", अनुच्छेद लेखन, संक्षेपण (precis writing) आदि जैसी प्रतियोग्ताओं को भी आयोजित करने का सुझाव समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा दिया गया । सदस्य सचिव ने इसे नोट किया।

<u>मद सं. 5 - रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की टीम द्वारा आगामी निरीक्षण हेतु तैयारी</u> - समिति को सूचित किया गया कि शीघ्र ही महानियंत्रक कार्यालय की टीम इस कार्यालय का निरीक्षण करने वाली है और उक्त टीम द्वारा राजभाषा संबंधी मदों पर भी जाँच की जाएगी । सदस्यों को सूचित किया गया कि जिन बिंदुओं पर जाँच की जाएगी उससे संबंधित परिपत्र आई.टी. हेल्प-लाइन पर उपलब्ध है और सभी अधिकारी तदनुसार सब तैयारी करके रखें ताकि निरीक्षण टीम की प्रतिकूल टिप्पणियों से बचा जा सके ।

<u>मद सं. 6 - वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u> - समिति को सूचित किया गया कि इस संगठन द्वारा वार्षिक कार्यक्रम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है । हिंदी प्रशिक्षण के लिए भविष्य में केवल हिंदी पारंगत प्रशिक्षण ही शेष रहने की संभावना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा ।

समिति को सूचित किया गया कि वर्तमान में निम्नांकित मदों पर संगठन द्वारा लक्ष्य-प्राप्ति की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | विवरण | निर्धारित लक्ष्य | प्राप्त लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी पत्राचार | 55% | 83.99% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 30% | 60.18% |
| 3. | हिंदी प्रशिक्षण | 100% | 100% |

**मद सं. 7 - संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा :**

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक निदेशक (रा.भा) | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 01 | 01 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**मद सं. 8 - अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई सुझाव :**

सदस्य सचिव ने सभी अनुभागों के अधिकारियों से निवेदन किया कि वे कोई भी परिपत्र वेबसाइट पर अपलोड करने से पहले उसे द्विभाषी ज़रूर करें । परिपत्र को द्विभाषी करने में राजभाषा अनुभाग से सहायता लें। साथ ही आई.टी. अनुभाग हिंदी अनुवाद के साथ ही परिपत्रों को वेबसाइट पर अपलोड कर रहे हैं जो सराहनीय है और इस कार्य को इसी प्रकार जारी रखें । इसके साथ-साथ रक्षा लेखा महानियंत्रक की टीम द्वारा निरीक्षण के लिए राजभाषा संबंधी किसी भी बिंदु पर सहायता हेतु राजभाषा अनुभाग से संपर्क करें ।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-

**(एम. सुभाष कुमार)**

**रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली छावनी।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
7. सभी अनुभाग (स्थानीय)

**(के. रामकृष्णा)**

**लेखा अधिकारी (प्रशा)**